# हरियाणा विधान सभा

## बजट सत्र 2025

## तारांकित प्रश्न
## 28 मार्च, 2025

----

**कुल प्रश्न 20**

----

### सामुदायिक केंद्र का निर्माण करना

***181 श्री भारत भूषण बत्तरा ( रोहतक):**

क्या मुख्यमंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सरकार द्वारा सोनीपत सड़क पर, धोबी घाट के सामने डॉ0 मंगल सैन सामुदायिक केंद्र का शिलान्यास किया जाना था जिसमें एक सामुदायिक केंद्र, पार्किंग तथा शीर्ष मंजिल पर एक पुस्तकालय के निर्माण का भी प्रस्ताव था;

(ख) भूमि का क्षेत्र कितना है जिस पर उपरोक्त सामुदायिक केंद्र का निर्माण किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) इसका निर्माण कार्य अब तक शुरू न किए जाने के कारण क्या हैं तथा इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

### पेरीफेरल (बाई-पास) सड़क का निर्माण करना

***182 श्री कँवर सिंह ( महेंद्रगढ़):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें ) मंत्री कृपया बताएंगे कि महेन्द्रगढ़ शहर के चारों ओर पेरीफेरल (बाई-पास) सड़क का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शॉपिंग कॉम्पलैक्स का निर्माण करना

*183 **श्री ओम प्रकाश यादव (नारनौल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या नारनौल शहर की पुरानी कचहरी परिसर की भूमि पर एक शॉपिंग कॉम्पलैक्स का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो उक्त कॉम्पलैक्स का निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## चिकित्सकों तथा परीक्षण मशीनों की कमी पूरा करना

*184 **श्री बलराम दाँगी (महम):**

क्या स्वास्थ्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि सामान्य अस्पताल, महम में चिकित्सकों तथा परीक्षण मशीनों की कमी है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति कब तक किए जाने की संभावना है तथा उपरोक्त अस्पताल में परीक्षण मशीनों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं

----

## डिस्ट्रीब्युटरी में पर्याप्त पानी की आपूर्ति करना

*185 **श्री सुनील सतपाल सांगवान ( दादरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि चरखी दादरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के बौंद कलां क्षेत्र में दादरी रजबाहे में पानी की भारी कमी होने के कारण पीने के पानी की समस्या है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त डिस्ट्रीब्युटरी में पर्याप्त पानी की आपूर्ति कब तक की जाएगी ताकि उपरोक्त क्षेत्र में पानी की उचित आपूर्ति की जा सके तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## हाई टेंशन तारों तथा खंभों को हटाना

***186 श्री उमेद सिंह (बाढड़ा ):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि

(क) बाढ़डा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में सड़कों/रास्तों पर असुरक्षित/ खतरनाक स्थानों में लगे बिजली के खंभों का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या यह तथ्य है कि उपरोक्त बिजली के खभों को स्थानांतरित करने पर होने वाले खर्च को वहन करने के लिए ग्राम पंचायत के पास पर्याप्त निधि नहीं है; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या ग्राम पंचायतों की खराब वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए उपरोक्त बिजली के खंभों को स्थानांतरित करने के लिए होने वाले खर्च को वहन करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है?

----

## औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलना

***187 श्री भगवान दास (नीलोखेडी):**

क्या युवा अधिकारिता तथा उद्यमिता राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गांव जाम्बा में एक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान खोलने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो उक्त शैक्षणिक संस्थान के लिए प्रशासनिक स्वीकृति कब तक दिए जाने की संभावना है?

----

## दूषित नहरी जल की समस्या का समाधान करना

***188 चौ. आफ़ताब अहमद (नूंह):**

क्या सिंचाई तथा जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि गुरुग्राम नहर में दूषित नहरी जल छोड़ा जा रहा है;

(ख) यदि हां, तो पिछले 10 सालों से उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किया जा रहे हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) क्या यह भी तथ्य है कि गुरुग्राम नहर में दूषित नहरी जल पर्यावरण को भी प्रभावित कर रहा है; यदि हां, तो सरकार द्वारा उक्त समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## एकत्रित बरसाती पानी की समस्या का समाधान

***189 श्री विनोद भयाना (हांसी):**

क्या सिंचाई तथा जल संसाधन मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि हांसी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांवों ढाणा कलां तथा रामपुरा के रिहायशी तथा कृषि क्षेत्र में वर्षा ऋतु के दौरान अन्य गांवों का भी बरसाती पानी एकत्रित हो जाता है; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उपरोक्त समस्या का समाधान करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा इसका समाधान कब तक किए जाने की संभावना है?

----

## राशन आपूर्ति को नियमित करना

***190 श्री प्रमोद कुमार विज (पानीपत सिटी):**

क्या खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) 1 अप्रैल, 2024 से अब तक पानीपत में राशन के वितरण में पाई गई अनियमितता के बाद सरकार द्वारा कितने डिपों पर कार्रवाई की गई है तथा उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ख) सरकार द्वारा उपभोक्ता को एक ही बार में राशन वितरित करने के लिए राशन की नियमित आपूर्ति करने के लिए क्या पग उठाए गए हैं तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या

***191 श्रीमती शक्ति रानी शर्मा (कालका):**

क्या स्कूल शिक्षा मंत्री कृपया बताएगें कि: -

क) पी.जी.टी., टी.जी.टी. तथा जे.बी.टी. शिक्षकों के स्वीकृत पदों की संख्या कितनी है तथा कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विद्यालयों में इन पदों के विरुद्ध वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों की संख्या कितनी है; तथा

(ख) कालका विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों का केडर-वार तथा श्रेणी-वार ब्यौरा क्या है?

----

## होडल में एक पार्क विकसित करना

***192 श्री हरिन्द्र सिंह ( होडल):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएगें कि: -

(क) क्या पुराने बस स्टैंड, होडल की भूमि पर एक पार्क विकसित करने के लिए मुख्यमंत्री की घोषणा कोड-27446 पर शहरी स्थानीय निकाय विभाग द्वारा कोई कार्रवाई की गई है; तथा

(ख) यदि हां, तो उपरोक्त घोषणा को कब तक पूरा किए जाने की संभावना है?

----

## सरकारी जमीन पर अवैध मकानों की संख्या

***193 श्री राम कुमार कश्यप (इंद्री):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएगें कि राज्य में सिंचाई विभाग की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से निर्मित रिहायशी मकानों की जिलेवार संख्या क्या है तथा उपरोक्त मकानों का निर्माण कब हुआ है?

----

## कच्चे फड (प्लेटफ़ॉर्म) को पक्का करना

***194 श्री सतपाल जाम्बा (पुंडरी):**

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री कृपया बताएगें कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि पुंडरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के गांव करोडा में 6 एकड़ भूमि पर खरीद केंद्र का फड (प्लेटफार्म) कच्चा है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसके कब तक पक्का करने तथा बढाए जाने की संभावना है?

----

## नए जल टैंकों का निर्माण करना

***195 श्रीमती मन्जु चौधरी ( नांगल चौधरी):**

क्या सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री कृपया बताएगें कि: –

(क) नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में गत् 10 वर्षों में सरकार द्वारा बनाए गए तालाबों एवं जल निकायों की संख्या कितनी है तथा उन पर खर्च की गई राशि का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या नांगल चौधरी विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र में नए जल टैंकों का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है; तथा

(ग) यदि नहीं, तो इसके कारण क्या हैं?

----

## भूमि खुदाई या मिट्टी उठवाने पर चालान

***196 श्री कुलदीप वत्स (बादली):**

क्या खान एवं भू विज्ञान मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि राज्य में रेत, बजरी, क्रेशर तथा पत्थर के खनन पर जो चालान लगाया गया है, वही चालान सरकार द्वारा खेतों से मिट्टी खुदाई तथा मिट्टी उठवाने पर भी लगाया जा रहा है;

(ख) क्या यह भी तथ्य है कि किसानों को कृषि उददेश्यों के लिए अपने खेतों को समतल करने के लिए खनन विभाग से अनुमति लेनी पड़ती है या चालान का भुगतान करना पड़ता है, जबकि अन्य राज्यों अर्थात् उत्तर प्रदेश, पंजाब तथा राजस्थान में मिट्टी खुदाई/समतल करने पर इस प्रकार का चालान नहीं लगाया जाता है; तथा

(ग) यदि हां, तो क्या खेतों से मिट्टी खुदाई/समतल करने को खनन विभाग की सूची से हटाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## ढ़ाणियों में निःशुल्क बिजली कनैक्शन उपलब्ध कराना

***197 श्री रणधीर पनिहार (नलवा):**

क्या ऊर्जा मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या यह तथ्य है कि नलवा विधानसभा निर्वाचनक्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ढाणियों में बड़ी संख्या में लोग रहते हैं; तथा

(ख) यदि हां, तो क्या उक्त ढाणियों के आर्थिक रूप से कमजोर निवासियों को निःशुल्क बिजली कनैक्शन उपलब्ध कराने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----

## बाईपास का निर्माण करना

***198 श्री देवेंन्द्र कादियान (गन्नौर):**

क्या लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री कृपया बताएंगे कि:-

(क) क्या गन्नौर में एक बाई-पास के निर्माण का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; तथा

(ख) यदि हां, तो इसका निर्माण कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है?

----

## बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना

***199 श्रीमती गीता भुक्कल ( झज्जर):**

क्या परिवहन मंत्री कृपया बताएंगे किः-

(क) क्या यह तथ्य है कि झज्जर का नया बस स्टैंड मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण दयनीय स्थिति में है;

(ख) यदि हां, तो जल भराव, गंदगी के ढेर, पेयजल की कमी, शौचालयों, विश्राम गृहों तथा झाड़ियों इत्यादी की समस्या का समाधान कब तक किए जाने की संभावना है; तथा

(ग) क्या झज्जर शहर के मध्य स्थित पुराने बस स्टैंड परिसर का उपयोग करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है?

----

## दशहरा ग्राउंड का निर्माण

***200 श्री निखिल मदान (सोनीपत):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि क्या यह तथ्य है कि सोनीपत नगर निगम की जनसंख्या 4 लाख से अधिक हो गई है तथा वहां कोई दशहरा ग्राउंड नहीं है; यदि हां, तो क्या सोनीपत शहर में एक दशहरा ग्राउंड का निर्माण करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है तथा उसका ब्यौरा क्या है?

----